# केंद्रीय मंत्री सिंधिया से शिकायत के बाद चेता प्रशासन

## बेतवा नदी के भेड़का घाट पर चल रहे अवैध रेत खनन पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**कार्रवाई में 5 पनडुब्बी, 7 डंपर, 3 पोकलेन जब्त**

**ट्रैक्टर-ट्राली के ड्राइवरों से की जा रही पूछताछ**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** खनिज विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली या फिर मिलीभगत की पोल उस समय खुल गई, जब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिकायत के बाद प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा वेतवा के विभिन्न घाटों पर जाकर अवैध रेत खनन पर कार्रवाई की तो सामने आया कि यहां पर बड़े स्तर पर रेत खनन का कारोबार जारी था। जिसके चलते संयुक्त टीम द्वारा भेड़काघाट से रेत खनन मे उपयोग होने वाली विभिन्न मशीनरी जब्त की। इस दौरान जहां संयुक्त टीम ने मौके से 5 पनडुब्बी, 7 डंपर, 3 पोकलोन और दो ट्रेक्टर-ट्राली जब्त किया है। तो वहीं वहां मिले ड्राईवरों से अवैध रेत खनन के बारे में जानकारी जुटाई जा रहीं है।

दरअसल जिले के मुंगावली क्षेत्र में बेतवा नदी से अवैध रेत निकालने की शिकायत केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्राप्त हुई थी। जिसके चलते उन्होंने रेत माफियाओं पर कार्रवाई करने के निर्देशित किया था। इसके बाद रविवार को राजस्व विभाग, खनिज विभाग और पुलिस महकमे की संयुक्त टीम द्वारा मुंगावली एसडीएम इसरार के निर्देशन में संयुक्त टीम द्वारा वेतवा नदी के मल्हारगढ़, बिल्हेरू और भेड़का घाट दबिश दी गई। जहां दो घाटो पर प्रशासनिक टीम को कुछ नहीं मिला, लेकिन जैसे ही प्रशासन की संयुक्त टीम भेड़का घाट पहुंची तो वहां पर अवैध रेत खनन के कारोबार में उपायुक्त 5 पनडुब्बी, 7 डंपर, 3 पोकलेन मशीन और 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली मिले, जिन्हें टीम द्वारा जब्त करते हुए थाने में रखवाए गए है। वहीं दिलचस्प बात ये है कि इस कार्रवाई के दौरान जहां प्रशासन की संयुक्त टीम को लाखों की मशीनरी मौके से मिली, लेकिन एक भी व्यक्ति रेत का कारोबार करते हुए नहीं मिला। जिससे लोग अंदेशा लगा रहे है कि इस कार्रवाई से पूर्व ही रेत कारोबारियों को सूचना मिल गई होगी, जिसके चलते वह मौके पर मशीनरी छोड़कर चलते बने होंगे।

**बड़ा सवाल : कार्रवाई से अवैध रेत के कारोबार पर अंकुश लगेगा या फिर और बड़े स्तर से कारोबार होगा शुरू**

रविवार को भले ही प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा रेत (बजरी) के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए मौके से मशीनरी जब्त की गई, लेकिन यह कार्रवाई भी अपने पीछे कई सवाल छोड़ गई है। जिसमें मुख्य सवाल है कि इस कार्रवाई के बाद वास्तव में जिले में अवैध रेत के कारोबार पर अंकुश लगेगा या फिर हर बार की तरह इस बार भी कार्रवाई दिखावे की साबित होगी और फिर से बड़े स्तर पर रेत का कारोबार शुरू हो जाएगा।





### बेतवा से बड़े स्तर पर रेत का कारोबार था जारी

भले ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा हर प्रकार के माफियाओ को नेस्तनाबूत करने की बात कहीं गई थी, लेकिन जिले में खनिज विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली कहे या फिर मिलीभगत के चलते रेत का अवैध कारोबार धडल्ले से जारी था। जिसकी वीडियो भी विगत दिनों सामने आई थी, लेकिन विभाग की नींद नहीं टूटी और मौके पर कार्यवाहीं करने से इतरते रहे। वहीं जब लोगों द्वारा सीधे तौर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की शिकायत की गई, तो प्रशासनिक महकमे की सुस्ती टूटी और वह कार्यवाहीं के लिए वेतवा के विभिन्न घाटो पर पहुंची। जहां पर उन्हें बड़े स्तर वेतवा से रेत का अवैध कारोबार करने में उपायुक्त मशीनरी मिली, जिन्हें जब्त किया गया है।

***इनका कहना है।***


*रविवार को राजस्व, खनिज और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वेतवा के घाटो पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। जिसमें भेड़काघाट पर रेत के कारोबार में उपायुक्त डंपर, पोकलेन, पनडुब्बी और दो ट्रेक्टर -ट्राली मिले है, जिन्हें जब्त करते हुए थाने में रखवाया गया है और जानकारी जुटाई जा रहीं है।*

***वीरेंद्र वर्मा, खनिज अधिकारी अशोकनगर।***

# सामूहिक गीता पाठ आज, 11 सौ विद्यार्थी होंगे शामिल

**जिलेभर में होगा गीता जयंती पर आयोजन**

**शहर में विवेकानंद स्कूल में मुख्य कार्यक्रम**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** गीता जयंती के अवसर पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला स्तर पर 1100 विद्यार्थी सामूहिक रूप गीता पाठ में करेंगे। यह कार्यक्रम श्रीमद्भगवद्गीता के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय और विश्वगीताप्रतिष्ठानम्, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। वहीं महोत्सव को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन और विश्वगीताप्रतिष्ठानम् द्वारा रविवार को तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया।

दरअसल जिला मुख्यालय पर स्वामी विवेकानंद स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें 1100 विद्यार्थी और गीता प्रेमी इस आयोजन का हिस्सा रहेंगे। वहीं तहसील स्तर पर मुंगावली, चंदेरी, बहादुरपुर, शाडोरा, नईसराय, ईसागढ़ और पिपरई में प्रत्येक स्थान पर 500-500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। सभी प्रतिभागी मिलकर श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय (पुरुषोत्तम योग) का सामूहिक पाठ करेंगे।




# रामचरित मानस का किया व्याख्यान

नवभारत न्यूज

**नईसरांय।** रविवार को महाकाल धाम मंदिर पर मानस मंथन मंडल द्वारा रखे गए कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को अंतर्राष्ट्रीय धर्मचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने किया। देवमुरारी बापू ने रामचरितमानस पर व्याख्यान करते हुए कहा कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ रामचरित मानस है जो आज जीवन जीने की कला सिखाता है और पारिवारिक संबंधों में एकता लाने के लिए प्रेरित करता है एवं त्यागी की परिभाषा को भाषित करता है। श्री राम और भारत एक दूसरे को अयोध्या जैसे राज्य का परित्याग कर देते हैं। वहीं राम अपने पिता दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए अयोध्या जैसे राज्य का परित्याग कर वन को चले जाते हैं। जहां पर उन्होंने दीन हीन को अपनाया और आताताई राक्षसों का सर्वनाश किया। श्री राम ने रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या में आकर राज्य सिंहासन पर बैठकर राज्य किया। जब तक राजा प्रजा के बीच में जाकर उनके दुख और परेशानियों को नहीं समझेगा सही मानने में राज्य का संचालन नहीं कर सकता। रामचरित मानस शिक्षा प्रद ग्रंथ है जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। मानस मंथन मंडल द्वारा 5 वर्ष से रामचरितमानस पर विचार संगोष्ठी कार्यक्रम अनवरत चल रहा है। इस दौरान महाकाल धाम मंदिर पर संगोष्ठी रखी गई, जिसमें सर्वप्रथम शुरुआत में रामचरितमानस का पाठ किया गया, तत्पश्चात उपस्थित विद्वानों ने रामचरित मानस पर चौपाइयों का व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में अशोक नगर, गुना,शिवपुरी, तीन जिलों के विद्वान शामिल हुए। तो वहीं कार्यक्रम के अंत में आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

## एक नजर में

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**नवभारत अशोकनगर।** कचनार थाना अंतर्गत ग्राम माधौगढ़ निवासी एक महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 26 नबंवर को बिदिया बाई पत्नि बाबूसिंह पारदी ने अपने घर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई, इसे देखते ही परिजन उसे उपचार के लिए जिलाअस्पताल लेकर पहुंचे जहां दौराने उपचार महिला की मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।

### दहेज के लिए किया प्रताड़ित

**नवभारत अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत एक विवाहिता के साथ उसके ससुराल वालों ने दहेज को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए मारपीट की। जिसकी शिकायत महिला द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला रानी ने दहेज के लिए अपने साथ मारपीट करने की शिकायत की थी, जिसके चलते गणेश कालोनी निवासी राममूर्ति, मिथलेश बाई और चंद्रभान सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### बिजली की डोरी डालने पर मामला दर्ज

**नवभारत अशोकनगर।** चंदेरी के कुंजडयाना मोहल्ला स्थित एक में अवैध रूप से लाइट की डोरी लगाए जाने के 30 जुलाई को करंट लगने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने लतीफ राईन पुत्र रसूल राईन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा अवैध रूप से लापरवाही पूर्वक मस्जिद पर बिजली का तार डाल रखा था, जिसकी चपेट में आने से अजय बरार और हनीफ खान की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया है।

### घर में घुसकर की गाली-गलौच

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत मैन मार्केट में एक कपड़ा व्यापारी के साथ एक व्यक्ति द्वारा उसके घर में घुसकर गाली-गलौच की गई,जिसकी शिकातय उक्त व्यापारी द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीरज कांसल पुत्र आनंद कांसल के साथ गजेंद्र सिंह अहिरवार निवासी अंबेडकर मोहल्ला द्वारा घर में घुसकर मां बहन की गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**शाढौरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को रविवार शाढौरा के पोलिंग बूथ क्रमांक 31 पर युवा नेता दीपक ओझा के निवास पर सामूहिक रूप से सुना गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुधीरसिंह के नेतृत्व में यह विशेष आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। आज के मन की बात कार्यक्रम में मोदी जी ने लोकल फॉर वोकल पर जोर देते हुए कहा कि मैं आप सभी से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साथ लेकर चलने की अपील करता हूं। हाल ही में जी20 सम्मेलन के दौरान मैंने वैश्विक नेताओं को ऐसे उपहार भेंट किए।

# विदिशा, भोपाल और गुना से बाइक चुराने वाले गिरफ्तार

## पुलिस ने तीन बाइक चोरों से जब्त की सात लाख कीमत वाली 9 मोटर साइकिलें

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस को एक वाहन चोर गिरोह पकड़ने में सफलता हाथ लगी, यह गिरोह चंदेरी, विदिशा, भोपाल सहित आसपास के इलाको से बाईक चोरी करता था, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनसे सात लाख की कीमती नौ बाईके जब्त की है।

दरअसल पुलिस अधीक्षक कप्तान राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी, समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त चौकी प्रभारियों को संपत्ति संबंधी अपराधों में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोरी गई 9 मोटरसाईकले कीमती करीबन 7 लाख रूपये की जप्त करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।




कोतवाली प्रभारी रवि प्रताप चौहान ने बताया कि छैलाबाग निवासी मिथुन पुत्र हरिसिंह अहिरवार 26 नबंवर को जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए गया था, तब उसने अस्पताल के सामने से मोटरसाईकिल खड़ी की थी, जहां उसकी बाईक चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट उसके द्वारा कराई गई थी। इसी की तस्दीक में 28 नबंवर को आरोपी समीर खां उर्फ टीपू बिलायती पुत्र अब्दुल समद खान निवासी गणेश मोहल्ला अशोकनगर, अभिषेक पुत्र काशीराम अहिरवार आयु निवासी रेलवे फाटक के पास पिपरई एवं मुस्ताक मेहबूब खान निवासी चिकमंगलूर चौराहा पिपरई को जेबीएस कालोनी अशोकनगर के पास से चोरी गई मोटरासाईकल के रंगे हाथो पकडकर हिरासत में लिया गया। जहां उनसे पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने अपने-अपने मेमोरेंडम ने बताया कि हम तीनों ने आठ मोटरसाईकल चंदेरी, विदिशा, भोपाल, गुना तरफ से चोरी की थी जो विदिशा रोड पावरहाउस के पास खंडर में छुपाना बताया। आरोपियों की निशानदेही पर उक्त 8 बाईको को बरामद किया गया, जिनकी की कीमत करीब 7 लाख रूपये बताई गई है। आरोपियों से बरामद हुई सभी मोटरसाईकिले हीरो कंपनी और स्पेलेंडर की है।

**इनकी रहीं सराहनीय भूमिका :**

वाहन चोर गिरोह पकड़ने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक मनीष गुर्जर, सहायक उप निरीक्षक सफायत खान, प्रधान आरक्षक दिनेश कुशवाह, दिलीप रजक, भागीरथ, आरक्षक गौरव रघुवंशी, अभयराज, निशांत छारी, अवनीश दौहरे,पवन धाकड, विशाल पारदी, पवन बघेल, ब्रजभान यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अब नए स्थान पर संचालित होगी पाठशाला

**भव्यता के साथ किया गया शुभारंभ**

**कार्यक्रम में पाठशाला की दीदियां और बच्चे हुए शामिल**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली। रविवार को चंद्र प्रभ दिगंबर जैन पाठशाला अपने नये स्वरूप में मंदिर प्रांगण में स्थित कक्षों में सुचारु रूप से प्रारंभ होने जा रही है जिसमें पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों को नए रूप में धार्मिक अध्यन करेंगे।** रविवार को प्रथम दिन सभी सहयोगियों ने आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया और बच्चों द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीके से आचार्य भगवन की पूजन भी की। साथ ही मिष्ठान वितरण अनर्घ (पीलू) वर्षा अमित कुमार सराफ के द्वारा किया गया। पाठशाला कमेटी ने सभी का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सतीश चौधरी,राजीव जैन, मानव जैन, मोनू भगत, पाठशाला की समस्त बहन और बच्चे मौजूद रहे।



# एड्स के प्रति रंगोली बनाकर किया जागरूक, दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर जिला चिकित्सालय में इस रोग से पीडित होकर जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई, तो वहीं रंगोली बनाकर एड्स रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया है। दरअसल रविवार को राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशों पर कलेक्टर आदित्य सिंह और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अल्का त्रिवेदी एवं नोडल अधिकारी एड्स डॉ अशोक शाक्य के मार्गदर्शन में जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर किया गया। इस दौरान जहां प्रभारी सिविल सर्जन डॉ बीएल टैगोर तथा एड्स नियंत्रण अधिकारी की उपस्थिति में एड्स नियंत्रण समिति तथा टीआई परियोजना के सदस्यों द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। तो वहीं रेड रिबन रंगोली बनाकर जागरूक किया गया। इसके साथ ही जिला एड्स नियंत्रण समिति सदस्यों के द्वारा मोमबत्ती जलाकर समस्त एचआईबी एड्स पीड़ित होकर जान गंवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी गई।




**धर्मसभा** | **अवस्था के अनुसार व्यवस्था की जाती है**

# दुश्मन को पिच्छिका से नहीं तलवार से रोका जाता है : मुनिश्री सुधासागर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** रिषभ देव ने सैनिक को तलवार दी और साधु को पिच्छिका दी यदि सैनिक को पिच्छिका दे दी पिच्छिका तो बहुत अच्छे हैं यदि सैनिक को पिच्छिका दे दी होती तो आप जो घर में बैठकर धर्म ध्यान कर रहे हैं व्यापार खेती बाड़ी के साथ ठाट से रह रहे ये संभव नहीं होता जैन दर्शन का अनेकांत तुम्हारी अवस्था को देखता है अवस्था क्या है ना पिच्छिका धर्म है ना तलवार धर्म है अवस्था के अनुसार व्यवस्था की जायेगी, दुश्मन को पिच्छिका से नहीं रोका जा सकता दुश्मन को रोकने के लिए सैनिक के हाथ में बंदूक दी गई तब ही तुम आज मन्दिरो में बैठकर धर्म कर रहे हो इसमें सीमा पर तैनात सैनिकों का बड़ा योगदान है। आपको महसूस नहीं हो रहा पहले जब राज तंत्र था तो राजा के समाप्त होते ही धर्म भी समाप्त हो जाता था कभी-कभी मारना भी धर्म होता है सैनिक की सभी जगह सद्गति कहीं क्योंकि सैनिक के कारण देश सुरक्षित है उक्त आशय के उद्गार दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्र संत निर्यापकाचार्य श्री सुधा सागर जी महाराज ने व्यक्त किया।



### आप आर्य हो, आप भारतीय हो, आपको काल का ज्ञान होना चाहिए

उन्होंने कहा कि किस समय कौन सा काम करना है आप आर्य हो आप भारतीय हो तो आपको काल का ज्ञान होना चाहिये कालातीचार एक बड़ा अतिचार है किसान का खेत है बीज भी वही है यदि सही समय पर बीज का वपन समय पर नहीं किया तो फ़सल नहीं आयेगी, समय पर बीज को बोने पर फसल मिलेगी, इसलिए काल का ज्ञान होना चाहिये इससे भी काम नहीं चलेगा आप कौन हैं आप मनुष्य है धार्मिक दृष्टि नहीं है आपको मानव पर्याय मिलीं है तो आपके क्या कर्तव्य है फिर आपकी अवस्था क्या है।

# मन की बात में हैंडलूम क्रॉफ्ट विलेज प्राणपुर का उल्लेख

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया इसे गौरव**

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में माह के अंतिम रविवार प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को जिले के सभी 778 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा सुना। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा जिले की चंदेरी विधानसभा के ग्रामीण मंडल के ग्राम प्राणपुर में बूथ क्रमांक 216 पर मन की बात कार्यक्रम के 128 वें संस्करण के सीधे प्रसारण को कार्यकर्ताओं के साथ देखा सुना गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में चंदेरी के हैंडलूम क्राफ्ट विलेज प्राणपुर गांव को जोड़ा जाना सभी जिले एवं प्रदेश वासियों के लिए बड़े सम्मान एवं गौरव की बात है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण प्रसारण द्वारा चंदेरी की पहचान को राष्ट्रीय मंच पर ऊँचाई देने को क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि चंदेरी की कला, कारीगरों की मेहनत और स्थानीय उद्योगों के सशक्तिकरण के प्रति यह मान्यता प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकासवादी नेतृत्व तथा वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सशक्त करती है।